
साप्ताहिक

जनशक्ति उजाला

जनता की आवाज, सत्य का उजाला...



2 अक्टूबर: महात्मा गांधी जी की 157वीं जयंती, सत्य-अहिंसा के आदर्शों को नमन।



2 अक्टूबर: लाल बहादुर शास्त्री जी की 122वीं जयंती, सादगी-साहस को नमन।

वर्ष : 1 अंक : 4 (प्रति बुधवार) इंदौर, 30 सितंबर से 6 अक्टूबर 2026 पेज : 8 मूल्य : 2 रुपए

सड़क चौड़ीकरण अभियान के बीच उज्जैन में हालात शांतिपूर्ण

सीएम ने घर तोड़ा, मस्जिद ने दिया रास्ता

कपिल माखीजा, जनशक्ति उजाला, उज्जैन



उज्जैन में सड़क चौड़ीकरण की कार्रवाई के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने पैतृक मकान के प्रभावित हिस्से को स्वयं हटाने की शुरुआत की



उज्जैन में विवाद का केंद्र बनी शाही मस्जिद

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बीच उज्जैन में सड़क चौड़ीकरण का काम तेजी से चल रहा है। खजूर वाली मस्जिद से अब्दालपुरा, जीवाजीगंज थाना क्षेत्र होते हुए गणेश चौक तक करीब 730 मीटर लंबे मार्ग को 15 मीटर चौड़ा किया जा रहा है। इस परियोजना की जद में करीब 272 भवन और अन्य संरचनाएं प्रभावित हो रही हैं। सड़क चौड़ीकरण का उद्देश्य सिंहस्थ के दौरान बढ़ने वाले श्रद्धालुओं और वाहनों के दबाव को देखते हुए यातायात व्यवस्था को बेहतर करना बताया गया है। परियोजना के लिए करीब 9.80 करोड़ रुपये का प्रावधान बताया गया है। इसी अभियान के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का अब्दालपुरा स्थित पैतृक मकान भी सड़क की प्रस्तावित सीमा में आया। मुख्यमंत्री ने 27 सितंबर को स्वयं गेती चलाकर मकान के प्रभावित हिस्से को हटाने की शुरुआत की। रिपोर्टों के अनुसार, मकान का करीब 2.90 मीटर हिस्सा सड़क की प्रस्तावित लाइन में आ रहा है। यह मकान मुख्यमंत्री के दादा रामचंद्र यादव ने वर्ष 1974 में बनवाया था। मुख्यमंत्री और उनके भाई-बहनों का बचपन इसी घर में बीता। कार्रवाई के दौरान मुख्यमंत्री ने अपने बचपन से जुड़ी यादों का उल्लेख करते हुए इसे भावनात्मक क्षण बताया। परिवार ने प्रभावित हिस्से को हटाने पर सहमति जताई है और मुआवजा नहीं लेने की बात भी सामने आई है। इसी सड़क मार्ग पर पुराने बाजार क्षेत्र में छत्री चौक से गोपाल मंदिर जाने वाले रास्ते पर स्थित शाही मस्जिद का भी वह हिस्सा प्रभावित हो रहा है, जो प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण की सीमा में आता है। कार्रवाई को लेकर मुस्लिम पक्ष की ओर से आपत्ति और कानूनी चुनौती दी गई थी। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई के बाद मस्जिद के प्रभावित हिस्से को हटाने की नगर निगम की कार्रवाई पर रोक की मांग स्वीकार नहीं हुई। न्यायालयी कार्यवाही में प्रभावित हिस्से में नमाज स्थल के एक भाग, मीनार और मजहर चौक शाही से जुड़े हिस्से का उल्लेख सामने आया है। यहां यह स्पष्ट है कि कार्रवाई मस्जिद के उस हिस्से तक सीमित है, जो सड़क चौड़ीकरण की सीमा में आ रहा है। 28 सितंबर को प्रभावित हिस्से को हटाने की कार्रवाई के दौरान मौके पर विरोध हुआ और स्थिति पथराव तक पहुंच गई। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और बल प्रयोग किया। पुलिस के अनुसार, घटना के सिलसिले में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मामले में आगे की कार्रवाई जांच के आधार पर जारी रखने की बात कही है। घटना के बाद प्रशासन की ओर से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई और सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक सामग्री की निगरानी भी शुरू की गई। प्रशासन और मस्जिद समिति से जुड़े प्रतिनिधियों के बीच बातचीत के बाद प्रभावित हिस्से को हटाने की प्रक्रिया में सहयोग की बात सामने आई। 29 सितंबर को क्षेत्र में पुलिस और प्रशासन की निगरानी के बीच कार्रवाई आगे बढ़ी और स्थिति को नियंत्रण में रखने पर जोर रहा। प्रशासन की ओर से लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति बनाए रखने की अपील की गई। सड़क चौड़ीकरण की यह पूरी प्रक्रिया सिंहस्थ-2028 से पहले उज्जैन के यातायात और आधारभूत ढांचे को तैयार करने की व्यापक योजना का हिस्सा है। इसके जरिए श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही, यातायात व्यवस्था में सुधार और प्रमुख मार्गों पर दबाव कम करने पर जोर दिया जा रहा है। प्रशासन का कहना है कि सिंहस्थ के दौरान शहर में बढ़ने वाली आवाजाही को देखते हुए सड़क एवं यातायात सुविधाओं को समय रहते बेहतर किया जा रहा है।

भाजपा की नई टीम के साथ नबीन का मंथन

नबीन की पहली बैठक में संगठन पर चर्चा, प्रभारियों को जमीनी संदेश

जनशक्ति उजाला, (ब्यूरो), नई दिल्ली



भाजपा मुख्यालय में प्रभारियों की बैठक को संबोधित करते नितिन नबीन

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने मंगलवार, 29 सितंबर को नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में नवनियुक्त प्रदेश प्रभारियों एवं सह-प्रभारियों की पहली बैठक की अध्यक्षता की। संगठनात्मक जिम्मेदारियां संभालने के बाद हुई इस पहली सामूहिक बैठक में विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के प्रभारी एवं सह-प्रभारी शामिल हुए। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, राज्यों में पार्टी की गतिविधियों को गति देने तथा केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश संगठनों के बीच बेहतर समन्वय पर चर्चा हुई। नबीन ने संगठनात्मक जिम्मेदारी संभाल रहे पदाधिकारियों से अपने-अपने राज्यों में अधिक समय देने और कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संपर्क मजबूत करने पर जोर दिया। बैठक को भाजपा के नए संगठनात्मक ढांचे में समन्वय और कार्ययोजना के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मध्यप्रदेश कनेक्शन : दिल्ली में हुई इस पहली बैठक के अगले ही दिन मध्यप्रदेश के नए प्रदेश प्रभारी एवं भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री बिप्लब कुमार देब तथा प्रदेश सह प्रभारी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को भोपाल में रहेंगे। प्रदेश भाजपा के अनुसार दोनों नेता प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने के साथ 30 सितंबर को प्रदेश कोर ग्रुप की बैठक में शामिल होंगे। 1 अक्टूबर को प्रदेश पदाधिकारियों, संभाग प्रभारियों एवं मोर्चों के प्रदेश अध्यक्षों की बैठक में भी दोनों नेता शामिल होंगे। इस प्रकार दिल्ली में नबीन की पहली बैठक के बाद मध्यप्रदेश में भी नई संगठनात्मक टीम की गतिविधियां तेज होती दिखाई दे रही हैं।

रबी अभियान को लेकर केंद्र-राज्यों का विमर्श

शिवराज बोले- किसान हित सर्वोपरि, टीम एग्रीकल्चर से बढ़ेगी खेती

जनशक्ति उजाला, (ब्यूरो), नई दिल्ली



कार्यक्रम को संबोधित करते केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान।

राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन-रबी अभियान 2026 के दूसरे दिन मंगलवार, 29 सितंबर को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में राज्यों के कृषि मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने रबी सीजन की तैयारियों पर मंथन किया। चौहान ने कहा कि केंद्र और राज्यों को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर 'टीम एग्रीकल्चर' की भावना से काम करना होगा, क्योंकि सरकारें और पार्टियां आती-जाती रहती हैं, लेकिन देश और किसान शाश्वत हैं। उन्होंने केंद्र-राज्य समन्वय मजबूत करने के लिए हर माह वर्चुअल समीक्षा बैठक और कृषि की नियमित निगरानी व्यवस्था बनाने की बात कही। सम्मेलन में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (पीएम-आरकेवीवाई) के तहत 10 राज्यों को कुल 1082 करोड़ रुपये के वित्तीय स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। चौहान ने रबी फसलों की तैयारी में मिट्टी की सेहत, पानी की उपलता, गुणवत्तापूर्ण बीज और संतुलित उर्वरक उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने नकली खाद, घटिया बीज और अमानक कीटनाशकों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाने के निर्देश दिए। केंद्रीय मंत्री ने प्राकृतिक खेती, एकीकृत कृषि प्रणाली और फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के साथ किसानों को बेहतर दाम दिलाने के लिए भंडारण, पोस्ट हार्वेस्ट प्रबंधन और बाजार व्यवस्था मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि 22 अक्टूबर से 30 नवंबर तक देशभर में 'खेत बचाओ अभियान' चलाया जाएगा, जिसमें मिट्टी के स्वास्थ्य और संतुलित उर्वरक उपयोग पर विशेष ध्यान रहेगा। सम्मेलन में रबी उत्पादन बढ़ाने और किसानों को बेहतर बाजार उपल कराने के लिए केंद्र व राज्यों के बीच समन्वित कार्ययोजना पर भी चर्चा हुई।

DIGITAL COLOUR PRINT
THERMAL LAMINATION
LASER CUTTING
ASHIRWAD
YOUR TRUSTED PRINT PARTNER.
RAJIV KHANDELWAL
13, Sikh Mohalla, Near District Court, M.G. Road, Indore.
0731-4961786
9425318984
ashirwad63@gmail.com
PREMIUM PRINT & FINISH FOR BUSINESS AND CREATIVES.

Affairs & Talking Threads
Fabricate Relation Of Dresses With Affairs & Talking Threads
: affairs_indore
Neeraj Motwani : +91 7049737383
Sumit Motwani : +91 8602626101
G-61/63, Apollo Tower, M.G. Road, Opp. 56 Dukan, Indore

MEDITRADE AGENCIES
Quality Generic Medicines & Surgical Items at Affordable Wholesale Prices
GENERIC MEDICINES
SURGICAL ITEMS
YOUR TRUSTED WHOLESALE PARTNER
ADDRESS - 70, G-Floor, Dawa Bazar, R.N.T Marg, Indore, (M.P.)
CONTACT - 7509558768

Yogesh Nagpal 9977818055
Bharat Nagpal 9522222824
Hello Shoes
LIFE IS SHORT BUY THE SHOES
95, Jawahar Marg Road, Near Shani Mandir
Indore - 452 001 (m.p.)

YOUR PREMIER PARTNER FOR PHARMACEUTICAL WHOLESALE
IP
IMPERIAL PHARMA
KAILASH BALANI
125,146. LG DAWA BAZAR, INDORE-01
9826069569

Shree Celebrations
Premium Caterers
We cater to your ideas...
Rajat Laddha - 9589872297
D-106, Raj Plaza, Chhawni, Indore Email : info@shreecelebrations.in Web : www.shreecelebrations.in

संघवी ड्रायफ्रूट
प्रीमियम सूखे मेवे
पवित्र पूजन सामग्री
पारंपारिक जड़ी-बूटियाँ
जापे का विशेष सामान
सुनील - 98277-26397, 94066-20952 | सौरभ - 90397-62638
पता: 9, मारोठिया बाजार, इन्दौर (म.प्र.)

PIONEER ENTERPRISES
PET
PVC
PET
HIPS
✓ Precise Fitting Solutions |
✓ Durable and Versatile Materials |
✓ Manufacturer of PET, PVC & HIPS Trays
Contact:
Abhay Malani - 9926057574
Ajay Malani - 9977518000
Email: pioneerenterprise77@gmail.com
Address: Survey No. 78/2/2/1, Palda, Indore (M.P.)

SHREENATHJI PROPERTY BROKER
Your Trusted Real Estate Partner in Indore
Rental 1, 2, 3 BHK Flats
Property For Sale / Purchase
Land For Sale / Purchase
OUR KEY AREAS:
• Khatiwala Tank • Near Manik Bagh Road Area
• Bairathi Colony • Gumasta Nagar • Pagnis Paga
• Gopal Bagh • Sindhi Colony • Khandwa Road
Contact: VALLABH KUMAR
Call / WhatsApp: 8109036902

SATELLITE VISION
UNLIMITED HIGH-SPEED BROADBAND + HD CABLE TV
IPTV + OTT BUNDLES
UNLIMITED HIGH-SPEED BROADBAND + HD CABLE TV + IPTV + OTT BUNDLES
145 / M, Khatiwala Tank, Indore, M.P. - 452014
0731-2367425 / 81202 59387

राधे राधे
MPB
MAKHIJA PAPER BOX
जय श्री महाँकाल
PREMIUM CUSTOMIZED, DECORATIVE & RIGID BOXES
We are specializing in high-quality rigid box solutions across various industries, including:
SWEETS • CHOCOLATES • WEDDINGS • CORPORATES • etc AND MANY MORE.
CONTACT US:
Narayan Ji
9827254447 | 9826054447
makhijapaperbox@gmail.com
15/1 Chandrabhaga (Mangal Bhawan), Juni Indore, Indore (M.P.)

SHATAKSHI
PREMIUM CASHEW NUTS
FRESH • CRUNCHY • TASTY
SHATAKSHI FOOD CORPORATION
(A Unit of cashew nuts processing)
PROCESSING UNIT: Khasra No. 92/2, RANGWASA, Betma Depalpur Road, Indore – 453001 (M.P.), India
CITY OFFICE: 63, Chandrabhaga Main Road, Juni Indore, near Hanuman Mandir, Indore - 452007 (M.P.), India
CONTACT: ROSHAN BIRTHARE (+91 989 35 617 14, +91 626 21 114 31)
E-Mail : shatakshifoodcorporation@gmail.com
FSSAI LIC NO. 11420850000671 | GSTIN/UIN: 23ADOFS6067J1ZK
State: Madhya Pradesh | IE Code: ADOFS6067J | MSME: MP23B0032170

SHREE BALAJI Property Brokers
"YOUR TRUSTED PARTNER FOR REAL ESTATE IN INDORE"
DEALS IN:
FLATS, INDEPENDENT HOUSES, BUILDER FLOORS
LOCATIONS:
SCHEME NO'97 PART PART 2 & ACROSS INDORE, MP
CONTACT PERSON:
SATISH MOOLCHANDANI
9202756777
VISIT OUR OFFICE IN SCHEME NO'97 PART 2, INDORE (MP)

WATER SOLUTION: RO, SOFTENER, AUTOMATIC SENSOR, PRESSURE PUMP
SALES & SERVICE
RO Water Purifier
Pure Drinking Water
Water Softener
Prevents Limescale
Automatic Sensor
Intelligent Control
Pressure Pump
Consistent Water Pressure
CONTACT: ONE DROP WATERTECH™
9340112548
TRUSTED & RELIABLE

SANWARIYA SETH PROPERTY BROKERS
"Your Trusted Real Estate Partner in Indore"
WE DEAL IN:
Luxury & Budget Flats (1/2/3 BHK)
Independent Houses
Premium Builder Floors
Residential & Commercial Plots
OUR HIGHLIGHTS:
100% Transparent & Fair Deals
Bank Loan Assistance Available
LOCATION:
Indore & Surrounding Key Areas (M.P.)
CONTACT PERSON:
Kamal Paryani
+91 8962339129

KAMAYANI JEWELLERS
Symbol of Quality
DISCOVER OUR EXPANDED OFFERINGS
ELEGANT CORPORATE GIFTS
- Motivate, Appreciate, Retain.
EXQUISITE WEDDING GIFTS
- Gifts that define a lifetime.
THOUGHTFUL RETURN GIFTS
- Perfect tokens for every occasion and guest.
EXPLORE OUR EXCLUSIVE RANGE. YOUR PERFECT GIFT AWAITS.
67, Bada Sarafa, Shop No. G-9, Tirupati Market, Indore - 452001
Mobile: 9827022902
Website: www.kamayanijewellers.com

॥ जय जिनेन्द्र ॥
श्री
जैन श्री की रसोई
घर जैसा शुद्ध सात्विक भोजन
जैन श्री पुड़ी भण्डार
अशोक जैन
पता: छोटी ग्वालटोली, सरवटे बस स्टेण्ड, इन्दौर
मो. 09826418955, 09826400141
जैन श्री भोजनालय
(दाल बाफला और थाली)
तन्मय जैन
पता: 45, सरवटे बस स्टेण्ड, गुरुकृपा के सामने, इन्दौर
मो. 09111222143

RAJPAL AUTO AGENCY
NUT BOLTS & TOOLS SPECIALIST
WHOLESALE HARDWARE DISTRIBUTOR
BULK SUPPLY & TRADE PRICE SPECIALIST
COMPLETE RANGE OF NUTS, BOLTS, & FASTENERS (Automotive & Industrial)
HIGH-TENSILE & STAINLESS STEEL HARDWARE
PROFESSIONAL HAND TOOLS
BULK ORDERS FOR WORKSHOPS & INDUSTRIES
READY STOCK, IMMEDIATE DISPATCH
QUALITY PRODUCTS | BEST MARKET RATES | UNMATCHED SERVICE
VISIT US:
798 JEWANDEEP COLONY, LOHA MANDI, INDORE
Contact Sagar Rajpal: +91 76976 02007
SERVING INDORE & BEYOND

मनुहार
BY SHRI BALAJI CATERERS
FOR ALL YOUR OCCASIONS:
EXQUISITE WEDDINGS | GRAND EVENTS
FESTIVE PARTIES | CORPORATE CATERING.
Quality Builds Relation
Manish Agrawal
CALL FOR BOOKINGS
9425066683 | 9131649843
73, SANSKRATI PALM COLONY - 1, INDORE (M.P.)

॥ जय भेरूनाथ ॥
For All Your Clothing Needs
99932 12701
किशोर कलेक्शन
Kishor Collection
Prop: पंकज माखीजा
क्लाथ सभी मिलों की सूटिंग-शर्टिंग
रेडिमेंट जीन्स, टी-शर्ट, शर्ट, ट्राउजर्स
फार्मल पैंट शर्ट, कोट पेंट, कुर्ता पजामा
पता:
36, सेठी मार्केट, सीतलामाता बाजार, स्टेट बैंक के सामने, इन्दौर

राजवाड़ा हादसे के बाद बस संचालन पर सुरक्षा के सवाल

राजवाड़ा पर बेकाबू बस से दो की मौत, चालक गिरफ्तार

कपिल माखीजा, जनशक्ति उजाला, इंदौर



राजवाड़ा बस हादसे के बाद बस में तोड़फोड़ करती भीड़ का दृश्य।

इंदौर के व्यस्त राजवाड़ा क्षेत्र में रविवार को हुए इलेक्ट्रिक बस हादसे में घायलों में से एक और व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर दो हो गई। पुलिस के अनुसार, हादसे में पिंटू उर्फ गणेश की पहले मौत हुई थी, जबकि जितेंद्र शर्मा ने बाद में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। एक अन्य घायल राधेश्याम का उपचार जारी बताया गया है। हादसे के बाद पुलिस ने बस चालक धनराज गांगले को गिरफ्तार किया है और उसके खिलाफ गैर इरादतन हत्या से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में चालक की लापरवाही सामने आई है। पुलिस के मुताबिक बस अचानक आगे बढ़ी और राहगीरों तथा एक ई-रिक्शा को चपेट में ले लिया। पूछताछ में चालक ने बताया कि बस को ड्राइव मोड में डालने के बाद ब्रेक की जगह गलती से एक्सीलेटर दब गया था। पुलिस बस की तकनीकी स्थिति और हादसे के अन्य पहलुओं की जांच कर रही है। हादसे के बाद राजवाड़ा क्षेत्र में अफरा-तफरी की स्थिति बनी और आक्रोशित लोगों ने बस में तोड़फोड़ की। एमजी रोड पुलिस ने बस में तोड़फोड़ और पथराव के मामले में तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना में शामिल अन्य लोगों की पहचान की प्रक्रिया भी कर रही है। ई-रिक्शा को लेकर भी उठे सवाल : राजवाड़ा शहर का बेहद व्यस्त क्षेत्र है, जहां बसों के साथ ई-रिक्शा और अन्य वाहनों की आवाजाही रहती है। हादसे में ई-रिक्शा के भी चपेट में आने के बाद क्षेत्र में ई-रिक्शा की आवाजाही और यातायात प्रबंधन को लेकर फिर चर्चा शुरू हो गई है। स्थानीय स्तर पर समय-समय पर राजवाड़ा जैसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में ई-रिक्शा की आवाजाही नियंत्रित करने की मांग उठती रही है। ऐसे में हादसे के बाद यह सवाल भी सामने आया है कि क्या राजवाड़ा क्षेत्र में ई-रिक्शा के लिए निर्धारित मार्ग, समय या प्रवेश व्यवस्था को और सख्त किया जाना चाहिए। हालांकि, किसी नए प्रतिबंध या रूट व्यवस्था के संबंध में अंतिम निर्णय प्रशासन और यातायात विभाग द्वारा लिया जाना है। घटना के बाद प्रशासन ने राजवाड़ा क्षेत्र में बसों के प्रवेश को लेकर व्यवस्था में बदलाव किया है। यात्रियों की सुविधा के लिए वैकल्पिक बस स्टॉप बनाए गए हैं और मार्ग में भी बदलाव किया गया है। बसों को राजवाड़ा के अंदरूनी क्षेत्र में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। प्रशासन और यातायात पुलिस की ओर से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए निगरानी की जा रही है। पुलिस की जांच में बस की तकनीकी स्थिति, चालक की भूमिका और हादसे के समय वाहन के संचालन से जुड़े पहलुओं को शामिल किया गया है। इसलिए जांच पूरी होने से पहले हादसे के अंतिम तकनीकी कारण को अंतिम निष्कर्ष के रूप में प्रस्तुत करना उचित नहीं होगा। फिलहाल पुलिस चालक के खिलाफ दर्ज प्रकरण और बस में तोड़फोड़ से जुड़े मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

जनसुनवाई में जरूरतमंदों को मिली त्वरित सहायता

कलेक्टर शिवम वर्मा ने सुनी फरियादें, 304 आवेदनों पर कार्रवाई शुरू

सिटी रिपोर्टर, जनशक्ति उजाला, इंदौर



इंदौर कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान नागरिकों की समस्याएं सुनते कलेक्टर शिवम वर्मा।

कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार 29 सितंबर को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर शिवम वर्मा ने नागरिकों की समस्याएं गंभीरता और संवेदनशीलता से सुनीं। जनसुनवाई में कुल 304 आवेदन प्राप्त हुए। शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक सहायता, आवास और रोजगार सहित विभिन्न विषयों से जुड़े आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। तत्काल सहायता की जरूरत वाले प्रकरणों में मौके पर ही सहायता उपल कराई गई तथा तत्काल निराकरण योग्य मामलों का समाधान किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने के लिए भी कार्रवाई की गई। पूर्व में जनसुनवाई से सहायता प्राप्त कर चुके नागरिकों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया। दीपक तिवारी ने पिता के उपचार में मिली सहायता के लिए धन्यवाद दिया। वहीं ज्योति सोनी का राशन कार्ड बनवाकर राशन का लाभ दिलाया गया। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक जरूरतमंद की समस्या का संवेदनशीलता से समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।

इंदौर में अवैध शराब पर प्रशासन सख्त

आबकारी विभाग की कार्रवाई, हाई रेंज शराब तस्करी में चार आरोपी गिरफ्तार

सिटी रिपोर्टर, जनशक्ति उजाला, इंदौर



जब्त शराब के साथ आबकारी टीम।

मंगलवार को इंदौर में आबकारी विभाग ने अवैध मदिरा के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए चार प्रकरण दर्ज किए। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन और सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में गठित टीम ने नवलखा, छावनी, रालामंडल और असरावद खुर्द क्षेत्रों में कार्रवाई कर कुल 13.5 लीटर विदेशी मदिरा, 10 लीटर बियर और 33.3 लीटर देशी मदिरा बरामद की। नवलखा क्षेत्र में संजू के कब्जे से 50 पाव देशी मदिरा प्लेन और 50 पाव देशी मदिरा मसाला जब्त किया गया। छावनी क्षेत्र में होंडा एक्टिवा से मदिरा का परिवहन करते अंकित सैनी को पकड़ा गया। उसके पास से ब्लैक एंड व्हाइट, रॉकफोर्ड व्हिस्की और ओल्ड मॉन्क रम की 18 बोतलें बरामद हुईं। रालामंडल में गीताबाई के कब्जे से 20 बियर कैन तथा असरावद खुर्द में मनीष चौधरी से 40 पाव देशी मदिरा मसाला और 45 पाव देशी मदिरा प्लेन बरामद की गई। विभाग ने आरोपियों के खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क) के तहत चार प्रकरण दर्ज किए हैं। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक आशीष जैन, त्रियंबिका शर्मा, वैशाली भगत और आकाश मेश्राम सहित टीम के सदस्यों का योगदान रहा।

लता अलंकरण समारोह 2026

संगीतकार शांतनु मोइत्रा को मिला प्रतिष्ठित राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान

सिटी रिपोर्टर, जनशक्ति उजाला, इंदौर



राष्ट्रीय लता मंगेशकर अलंकरण सम्मान से शांतनु मोइत्रा को सम्मानित करते अतिथिगण।

मध्यप्रदेश शासन के प्रतिष्ठित 'राष्ट्रीय लता मंगेशकर अलंकरण सम्मान-2026' से सुप्रसिद्ध संगीत निर्देशक शांतनु मोइत्रा को नवाजा गया। स्वर कोकिला लता मंगेशकर की जयंती के अवसर पर 28 सितंबर को इंदौर में आयोजित गरिमामय समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअली शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लता दीदी के सुरों में जीवन के हर भाव की अभिव्यक्ति है और शांतनु मोइत्रा जैसे प्रतिभाशाली संगीतकार को यह सम्मान देना प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। सम्मान ग्रहण कर भावुक मोइत्रा ने इसे अपने जीवन का अविस्मरणीय क्षण बताया। समारोह में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, विधायक रमेश मेंदोला, विधायक मालिनी गौड़, विधायक मधु वर्मा, वरिष्ठ नेता श्रवण सिंह चावड़ा, संभागायुक्त भास्कर लाक्षाकार एवं कलेक्टर शिवम वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी तथा संगीत प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सचेत-परम्परा दल ने सुरमयी प्रस्तुतियां दीं।

संपादकीय


वोकल फॉर लोकल : स्वदेशी से संवरता आत्मनिर्भर भारत

त्योहारी मौसम की दस्तक के बीच 'वोकल फॉर लोकल' का आह्वान केवल एक नारा नहीं, बल्कि देश की आर्थिक संप्रभुता का मजबूत आधार बन चुका है। भारत की पारंपरिक शिल्पकला, स्थानीय उत्पादों और घरेलू विनिर्माण को राष्ट्रीय गौरव से जोड़ते हुए सरकार ने आत्मनिर्भरता का ठोस मॉडल पेश किया है। नतीजतन, देश में विदेशी सामानों पर निर्भरता घटाकर भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता देने की एक नई नागरिक चेतना विकसित हुई है। इस नीतिगत बदलाव का सबसे सशक्त प्रभाव ग्रामीण एवं कुटीर उद्योगों पर दिखाई दे रहा है। 'एक जिला, एक उत्पाद' (ODOP) योजना ने गांवों के कारीगरों और छोटे उद्यमियों को सीधे बड़े राष्ट्रीय बाजारों से जोड़ा है। कभी उपेक्षित रहने वाली खादी ने रिकॉर्ड डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार दर्ज कर ऐतिहासिक छलांग लगाई है। सरकारी ई-मार्केटप्लेस (GeM) और पारदर्शी डिजिटल व्यवस्था से बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है, जिससे महिला स्वयं सहायता समूहों और बुनकरों को उनकी मेहनत का पूरा मूल्य मिलने लगा है। आगामी त्योहारों में मिट्टी के दीयों, पारंपरिक हस्तशिल्प और स्थानीय उपहारों को अपनाकर आम नागरिक छोटे दुकानदारों और शिल्पकारों की आजीविका को सीधा संबल दे रहे हैं। जनभागीदारी का यही भाव इस अभियान की वास्तविक शक्ति बनकर उभरा है। पारंपरिक खिलौनों से लेकर आधुनिक रक्षा उपकरणों और इलेक्ट्रॉनिक्स तक, भारतीय उत्पादों की स्वीकार्यता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी से बढ़ रही है। यह दृष्टिकोण केवल संरक्षणवाद तक सीमित नहीं है, बल्कि घरेलू उद्योगों की गुणवत्ता बढ़ाकर उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाने का है। 'लोकल' को 'ग्लोबल' बनाने का यह प्रयास भारत को स्वावलंबन और आर्थिक समृद्धि की नई ऊंचाइयों पर आगे ले जा रहा है।

2 अक्टूबर: दो युगांतरकारी विभूतियों की पावन जयंती

सत्य, सादगी, त्याग, तपस्या और राष्ट्रीय स्वाभिमान के दो अमर प्रकाशपुंज

नारायण माखीजा




राष्ट्र के दो महान पथप्रदर्शक: महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री।

2 अक्टूबर का दिन भारतीय जनचेतना के इतिहास में असाधारण महत्व रखता है। यह पावन तिथि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पावन विचारों के संगम का पर्व है। अलग-अलग कालखंड में नेतृत्व करने के बावजूद दोनों महापुरुषों का लक्ष्य एक था—सत्य, शुचिता, सादगी और राष्ट्रहित के प्रति अटूट समर्पण। महात्मा गांधी ने जहां सत्य और अहिंसा के नैतिक अस्त्रों से औपनिवेशिक सत्ता की जड़ें हिला दीं, वहीं 'स्वदेशी' और 'ग्राम स्वराज' के जरिए आर्थिक स्वावलंबन का मार्ग दिखाया। बापू के लिए स्वतंत्रता केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के उत्थान, स्वच्छता और नैतिक उत्कर्ष की साधना थी। उनके विचार आज भी भारतीय विकास यात्रा के स्थायी दिशा-सूचक हैं। दूसरी ओर, लाल बहादुर शास्त्री जी ने सिद्ध किया कि विनम्रता और सरलता के भीतर भी अदम्य राष्ट्रीय संकल्प छुपा हो सकता है। 1965 के युद्ध और अन्न संकट के दौर में उनका दिया 'जय जवान, जय किसान' का नारा देश के आत्मसम्मान की गर्जना बन गया। रेल दुर्घटना पर नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए पद त्यागना हो या स्वयं एक वक्त उपवास रखकर जनता से आह्वान करना—शास्त्री जी का जीवन सार्वजनिक जवाबदेही का सर्वोच्च आदर्श है। आज जब भारत आत्मनिर्भरता, नवाचार और वैश्विक पहचान की नई दिशा में अग्रसर है, तब गांधी जी की 'स्वदेशी चेतना' और शास्त्री जी का 'कर्मयोगी संकल्प' हमारे सबसे बड़े मार्गदर्शक हैं। यह दिन केवल दो महामानवों के स्मरण का नहीं, बल्कि उनकी सादगी, ईमानदारी और राष्ट्र-प्रथम के मूल्य को अपने आचरण में उतारने का अवसर है।

जहां भगवान भी बंध गए

मातृ-पितृ सेवा का पावन आदर्श : जब भक्त पुंडरीक की ईंट पर ठहरे भगवान

नारायण माखीजा



सेवा-रत पुंडरीक, प्रतीक्षारत भगवान विट्ठल।

गीता प्रेस, गोरखपुर की सुप्रसिद्ध 'कल्याण' पत्रिका के भक्ति-विशेषांकों में संत-चरित्रों की जो दिव्य शृंखला प्रकाशित हुई है, उसमें 'भक्तनामावली' के अंतर्गत भक्त पुंडरीक का पावन चरित्र अत्यंत वंदनीय और प्रेरणादायी है। यह आख्यान केवल एक पौराणिक कथा नहीं, बल्कि इस शाश्वत सत्य का जीवंत प्रमाण है कि माता-पिता की निष्काम सेवा साक्षात ईश्वर की आराधना से भी बढ़कर है। इसी पावन सेवा के बल पर भक्त पुंडरीक ने त्रिभुवनपति को अपने द्वार पर प्रतीक्षा करने के लिए विवश कर दिया था। कथा के अनुसार, पुंडरीक प्रारंभ में अपनी पत्नी के मोहपाश में बंधकर माता-पिता के प्रति सर्वथा उदासीन और दुर्व्यवहार करने वाले व्यक्ति थे। तीर्थयात्रा के क्रम में जब वे मुनि कुक्कुट के आश्रम के समीप ठहरे, तब एक दिव्य घटना ने उनकी आंखें खोल दीं। उन्होंने देखा कि मलिन और कांतिहीन वस्त्रों में आश्रम में प्रवेश करने वाली स्त्रियां वहां की सेवा-सफाई करने के उपरांत अत्यंत ज्योतिर्मयी और पावन होकर लौटती हैं। पूछने पर ज्ञात हुआ कि वे गंगा, यमुना आदि पवित्र नदियां थीं, जो संसार के पापों को धोकर स्वयं मैली हो जाती थीं, किंतु मुनि कुक्कुट द्वारा की जा रही माता-पिता की अनन्य सेवा के प्रभाव से वे पुनः निष्पाप और दिव्य बन जाती थीं। इस दृश्य ने पुंडरीक के अंतःकरण को झकझोर दिया। उनका मोहभंग हुआ और पश्चाताप की अग्नि में तपकर वे सेवा के साक्षात विग्रह बन गए। वे पंढरपुर लौट आए और अपना संपूर्ण जीवन वृद्ध माता-पिता के चरणों की सेवा में समर्पित कर दिया। उनकी यह तन्मयता इतनी प्रगाढ़ थी कि वैकुंठनाथ भगवान श्रीकृष्ण भी उनके दर्शन हेतु अधीर हो उठे। एक दिन जब पुंडरीक अपने माता-पिता के चरण दबा रहे थे, तभी साक्षात भगवान द्वारिकाधीश रुक्मिणी सहित उनके कुटीर के द्वार पर पधारे। प्रभु ने पुकारकर कहा, "पुंडरीक! मैं तुम्हारा आतिथ्य स्वीकार करने आया हूं।" पुंडरीक ने देखा कि भगवान खड़े हैं, किंतु माता-पिता की सेवा में तनिक भी व्यवधान न पड़े, इसलिए उन्होंने बिना सेवा रोके पास पड़ी एक ईंट पीछे सरकाते हुए कहा, "प्रभु! मेरे माता-पिता विश्राम कर रहे हैं, कृपा कर इस ईंट पर खड़े होकर मेरी सेवा पूर्ण होने की प्रतीक्षा कीजिए।" भक्त की निष्ठा से अभिभूत होकर भगवान दोनों हाथ कमर पर रखकर उसी ईंट (विट) पर मौन खड़े हो गए। यही स्वरूप आज महाराष्ट्र के पंढरपुर में 'श्रीविठ्ठल' या 'विठोबा' के नाम से जगत्प्रसिद्ध है। 'कल्याण' में वर्णित पुंडरीक का यह प्रसंग आज की पीढ़ी को यह गहरा संदेश देता है कि जिन संतानों के हृदय में माता-पिता के प्रति सच्ची श्रद्धा और सेवा-भाव है, उनके द्वार पर साक्षात परमात्मा खिंचे चले आते हैं। संसार के समस्त तीर्थ और पुण्य उस संतान के सम्मुख नतमस्तक हो जाते हैं, जो अपने वृद्ध माता-पिता को ही साक्षात आराध्य मानकर सेवा करती है।

विकास के साथ प्रकृति का संतुलन भी जरूरी

रानी सराय के पेड़ बचेंगे, तभी बचेगा तोतों का आशियाना

सुनील शर्मा



प्रतीकात्मक चित्र – पेड़ों पर आश्रित पक्षियों का प्राकृतिक आवास।

शहरों का विकास जरूरी है, लेकिन विकास की रफ्तार में प्रकृति की आवाज दब न जाए, यह जिम्मेदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। इंदौर के रानी सराय क्षेत्र के पुराने पेड़ और वहां दिखाई देने वाले पक्षी हमें इसी संतुलन पर सोचने का अवसर देते हैं। वर्षों पुराने पेड़ किसी भी शहर की प्राकृतिक विरासत होते हैं। वे केवल छाया और हरियाली नहीं देते, बल्कि पक्षियों और छोटे जीवों के लिए आश्रय भी देते हैं। रानी सराय के पेड़ों पर हरे तोतों सहित विभिन्न पक्षियों की मौजूदगी इस क्षेत्र के प्राकृतिक महत्व को सामने लाती है। किसी पुराने पेड़ पर बना एक घोंसला केवल कुछ टहनियों का समूह नहीं होता, बल्कि वह किसी पक्षी के जीवन और उसकी अगली पीढ़ी का आशियाना होता है। इसलिए शहर में विकास की योजनाएं बनाते समय पेड़ों और पक्षी आवास को भी गंभीरता से ध्यान में रखना आवश्यक है। यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि आधुनिक शहर की आवश्यकताओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। बेहतर सड़कें, सार्वजनिक परिवहन और अन्य आधारभूत सुविधाएं शहर के विकास का हिस्सा हैं। आवश्यकता इस बात की है कि विकास और पर्यावरण को एक-दूसरे के विरोध में देखने के बजाय दोनों के बीच ऐसा रास्ता तलाशा जाए, जिससे विकास भी आगे बढ़े और प्राकृतिक विरासत भी सुरक्षित रहे। पुराने और परिपक्व पेड़ों का महत्व इसलिए अधिक है क्योंकि उन्हें तैयार होने में कई दशक लगते हैं। नए पौधे लगाना अच्छी पहल है, लेकिन किसी पुराने पेड़ से विकसित पूरा पारिस्थितिक तंत्र कुछ वर्षों में तैयार नहीं किया जा सकता। इसलिए जहां भी बड़े स्तर पर निर्माण या विकास कार्य हों, वहां पहले से मौजूद पेड़ों की स्थिति, उनके पर्यावरणीय महत्व और पक्षियों के आवास का अध्ययन करना उपयोगी होगा। रानी सराय हमें एक सरल संदेश देता है—शहर केवल कंक्रीट से नहीं बनता, उसकी पहचान उसकी हरियाली और जैव विविधता से भी होती है। यदि किसी परियोजना की योजना बनाते समय पेड़ों को बचाने के व्यावहारिक विकल्प मिल सकते हैं, तो उन पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। जहां पेड़ों को बचाना संभव न हो, वहां पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए उचित और जिम्मेदार उपाय किए जाने चाहिए। इंदौर को आधुनिक और विकसित शहर के साथ-साथ हरित शहर के रूप में भी अपनी पहचान मजबूत करनी है। रानी सराय के पेड़ और उनमें बसे पक्षी इसी प्राकृतिक विरासत का हिस्सा हैं। विकास की राह ऐसी हो, जिसमें इंसान की सुविधाओं के साथ प्रकृति के लिए भी जगह बनी रहे—यही आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी होगी।

मोहन कैबिनेट के बड़े फैसले, युवाओं को सौगात

अग्निवीरों को 20% आरक्षण, विकास योजनाओं को मंजूरी

जनशक्ति उजाला, भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में 29 सितंबर मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में मध्य प्रदेश के समग्र विकास, रोजगार संवर्धन, स्वास्थ्य अधोसंरचना और सामाजिक कल्याण को गति देने वाले कई दूरगामी और ऐतिहासिक निर्णयों पर मुहर लगाई गई। युवाओं के भविष्य को सुरक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में सबसे बड़ा कदम उठाते हुए कैबिनेट ने पुलिस आरक्षक, विशेष सशस्त्र बल, जेल प्रहरी, वन रक्षक तथा आबकारी आरक्षक के पदों पर पूर्व अग्निवीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण देने के ऐतिहासिक प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी। इसके साथ ही, प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा तंत्र को मजबूती देने के लिए प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों के मानदेय भुगतान हेतु ₹5,329.17 करोड़ की भारी-भरकम राशि स्वीकृत की गई, जबकि कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राओं को गणवेश की राशि उपल कराने के लिए ₹348.7 करोड़ मंजूर किए गए।



मंगलवार को मंत्रालय में मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के क्रम में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की तीन प्रमुख योजनाओं को मार्च 2031 तक निरंतर संचालित रखने के लिए ₹3,245.80 करोड़ की वित्तीय मंजूरी दी गई, जिसमें प्राथमिक, उप स्वास्थ्य एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के भवन निर्माण हेतु ₹3,113.27 करोड़, औषधि नियंत्रण योजना के लिए ₹111.63 करोड़ तथा ड्रग रेगुलेटरी सिस्टम के सुदृढ़ीकरण हेतु ₹20.90 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त छिंदवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज अस्पताल और बाह्य विकास कार्यों के लिए बजट बढ़ाकर ₹953.69 करोड़ तथा सिंगरौली में 605 बिस्तरीय जिला अस्पताल निर्माण हेतु ₹372.12 करोड़ की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई। बुनियादी कनेक्टिविटी को नई रफ्तार देते हुए कैबिनेट ने दमोह-कटनी मार्ग के निर्माण के लिए ₹4,470.30 करोड़ के विशाल बजट को स्वीकृति प्रदान की। किसानों की समृद्धि और जल संसाधन क्षमता के विस्तार हेतु दतिया की माँ रतनगढ़ बहुउद्देशीय सिंचाई परियोजना के लिए ₹1,608.02 करोड़ (78,484 हेक्टेयर क्षमता), सागर की बण्डा वृहद सिंचाई परियोजना के लिए ₹1,052 करोड़ (80,000 हेक्टेयर क्षमता) और नीमच की रामपुरा-मनासा सूक्ष्म उद्वहन सिंचाई परियोजना के लिए ₹524.65 करोड़ (65,400 हेक्टेयर क्षमता) की निरंतरता मंजूर की गई, जबकि पवित्र शिप्रा नदी को प्रदूषण मुक्त रखने हेतु उज्जैन की कान्ह डायवर्सन क्लोज डक्ट परियोजना के लिए ₹358.22 करोड़ आवंटित किए गए। सामाजिक न्याय की दिशा में विमुक्त, घुमंतु और अर्द्धघुमंतु कल्याण विभाग के छात्रावासों व आश्रमों के रहवासियों को मात्र ₹1 प्रति किलो की दर से खाद्यान्न वितरण का फैसला लिया गया। स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने के लिए मऊगंज, छिंदवाड़ा, मैहर और टीकमगढ़ में नवीन जिला हथकरघा कार्यालयों की स्थापना, 12 नवीन पदों के सृजन हेतु ₹2.41 करोड़ स्वीकृत हुए। साथ ही, ग्रामीण विकास निधि में उपकर अंतरण योजना के लिए ₹3,580.22 करोड़, विधि विभाग की 14 योजनाओं के लिए ₹1,342.48 करोड़ तथा न्यायालयों के निर्वाह पत्र तामील योजना हेतु ₹622.37 करोड़ के वित्तीय प्रावधानों को भी औपचारिक स्वीकृति दी गई।

सिंहस्थ-2028 से पहले उज्जैन को परिवहन और सुरक्षा की सौगात

ई-बस सेवा शुरू, 200 रुपए में होंगे उज्जैन के प्रमुख दर्शन

मयंक प्रजापति, जनशक्ति उजाला, उज्जैन


उज्जैन में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार, 27 सितंबर को उज्जैन के श्री महाकाल लोक स्थित अन्नक्षेत्र पार्किंग परिसर से पीएम ई-बस सेवा एवं उज्जैन दर्शन सेवा का शुभारंभ किया। उन्होंने शक्ति पथ से बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और स्वयं भी बस में सफर किया। उज्जैन दर्शन सेवा के तहत श्रद्धालुओं और पर्यटकों को शहर के प्रमुख धार्मिक एवं दर्शनीय स्थलों तक पहुंचने की सुविधा मिलेगी। 27.01 किलोमीटर लंबे निर्धारित मार्ग में महाकाल लोक, हरसिद्धि मंदिर, क्षिप्रा नदी, ऋणमुक्तेश्वर महादेव, भर्तृहरि गुफा, गढ़ कालिका, काल भैरव, सिद्धवट, अंगारेश्वर, मंगलनाथ, सांदीपनि आश्रम, चिंतामण गणेश, अष्ट विनायक, शनि नवग्रह और इस्कॉन मंदिर सहित प्रमुख स्थल शामिल हैं। सेवा का शुल्क 200 रुपए निर्धारित किया गया है और डिजिटल भुगतान की सुविधा भी उपल है। बसों में जीपीएस आधारित लाइव ट्रैकिंग, सीसीटीवी, डिजिटल टिकटिंग और उज्जैन दर्शन गाइड की सुविधा रहेगी। यात्री निर्धारित वैधता अवधि में विभिन्न स्टॉप से बस में चढ़कर और उतरकर अपनी दर्शन यात्रा जारी रख सकेंगे। मुख्यमंत्री ने इसी अवसर पर महाकाल लोक थाने का भी लोकार्पण किया। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए इससे क्षेत्र की पुलिस व्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम में सांसद अनिल फिरोजिया, राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ, महापौर मुकेश टटवाल सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रशासन की ओर से एडीजी राकेश गुप्ता, डीआईजी नवनीत भसीन, संभागायुक्त आशीष सिंह, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कूमट, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, उज्जैन विकास प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी और अधीक्षण यंत्री मालवीय सहित अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबे अंतराल के बाद प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को फिर गति दी गई है। उज्जैन में शुरू की गई सेवाओं को श्रद्धालुओं, पर्यटकों और नगरवासियों के लिए सुगम परिवहन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया।

सांवेर को सौगात :

मंत्री सिलावट ने किया ₹19.50 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

जनशक्ति उजाला, इंदौर (सांवेर)


सांवेर में विकास कार्यों का भूमिपूजन करते मंत्री तुलसीराम सिलावट।

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने 25 सितंबर, बीते शुक्रवार को सांवेर विधानसभा के वार्ड क्रमांक 35 और 36 में ₹19.50 करोड़ की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण किया। इसके तहत ₹11.50 करोड़ से बनने वाली नई पानी की टंकी व पाइपलाइन से 14 कॉलोनियों के 20 हजार से अधिक नागरिकों को शुद्ध पेयजल मिलेगा, साथ ही प्रमुख आंतरिक मार्गों पर सीसी रोड का निर्माण कराया जाएगा।

भेड़ाघाट में पर्यटन विकास को नई रफ्तार

भेड़ाघाट में बनेगा विश्वस्तरीय जियोलॉजिकल पार्क

जनशक्ति उजाला,जबलपुर

केंद्र सरकार ने शनिवार, 26 सितंबर को जबलपुर के भेड़ाघाट-लम्हेटाघाट क्षेत्र में विश्वस्तरीय जियोलॉजिकल म्यूजियम और पर्यटक सुविधाओं के लिए 87 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दी। स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत यह परियोजना मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा करीब 12 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित की जाएगी। परिसर में जियोलॉजिकल म्यूजियम, इंटरप्रिटेशन सेंटर, छह गैलरियां और 130 से अधिक प्रदर्श होंगे। यहां फॉसिल गार्डन, डायनासोर पार्क, टाइटेनोसॉर स्क्वायर, रॉक गार्डन और व्यूइंग डेक जैसे आकर्षण विकसित किए जाएंगे। परियोजना को फरवरी 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य है। इससे भेड़ाघाट-लम्हेटाघाट की भू-विरासत को पर्यटकों के सामने बेहतर ढंग से प्रस्तुत करने और पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

ग्वालियर में 300 साल पुरानी परंपरा कायम

बाबा मंसूर शाह से जुड़ी सिंधिया घराने की अनूठी परंपरा

जनशक्ति उजाला, ग्वालियर


गोरखी देवघर में बाबा मंसूर शाह के उर्स पर पूजा-अर्चना करते ज्योतिरादित्य सिंधिया।

ग्वालियर के महाराज बाड़ा स्थित गोरखी देवघर में मंगलवार, 29 सितंबर को बाबा मंसूर शाह के उर्स पर सिंधिया परिवार की करीब 300 वर्ष पुरानी परंपरा निभाई गई। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पूजा-अर्चना कर बाबा का आशीर्वाद लिया। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में बाबा मंसूर शाह को सिंधिया घराने का मार्गदर्शक एवं आराध्य संत बताते हुए देशवासियों के सुख-शांति, समृद्धि और प्रगति की प्रार्थना की। परंपरा की कहानी सिंधिया राजवंश के संस्थापक महादजी सिंधिया से जुड़ी बताई जाती है। मान्यता है कि युद्ध के दौरान महादजी के घायल होने की खबर मिलने पर उनकी पत्नी और मां बाबा मंसूर शाह की शरण में पहुंचीं। बाबा ने महादजी के सुरक्षित लौटने का भरोसा दिलाया। बाद में महादजी के लौटने पर बाबा ने उन्हें आधी रोटी देते हुए पांच पीढ़ियों तक राज करने का आशीर्वाद दिया। इसके बाद महादजी ने बाबा मंसूर शाह को अपना कुलगुरु माना और उनकी दी हुई आधी रोटी को देवघर में सुरक्षित रखकर पूजा की परंपरा शुरू की। बताया जाता है कि तभी से सिंधिया परिवार के मुखिया उर्स के अवसर पर यहां पूजा-अर्चना करते आ रहे हैं। परंपरा में पूजा के दौरान फूल गिरने को बाबा का आशीर्वाद मिलने का संकेत माना जाता है। फूल मिलने के बाद पूजा पूर्ण मानी जाती है। यह आयोजन ग्वालियर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी परंपरा का उदाहरण माना जाता है।

पहले ODI में भारत की शानदार जीत

कोहली के 15 हजार रन पूरे, कोहली-गिल के शतक, भारत जीता, दूसरा ODI आज

जनशक्ति उजाला, स्पोर्ट्स डेस्क



पहले वनडे में विंडीज के खिलाफ मैच जिताऊ साझेदारी के दौरान विराट कोहली और शुभमन गिल।

भारत ने पहले वनडे में वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। तिरुवनंतपुरम में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 295/7 रन बनाए। जस्टिन ग्रीव्स ने 101, जॉन कैंपबेल ने 62 और अमीर जंगू ने नाबाद 58 रन बनाए। भारत की ओर से कुलदीप यादव ने 4/40, प्रसिद्ध कृष्णा ने दो और नीतीश कुमार रेड्डी ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 41.4 ओवर में 300/2 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। शुभमन गिल ने 108 गेंदों पर 110 रन की शतकीय पारी खेली, जिसमें 13 चौके और एक छक्का शामिल रहा। विराट कोहली ने 88 गेंदों पर नाबाद 139 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और नौ छक्के रहे। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 151 रन की साझेदारी हुई। रोहित शर्मा ने 32 और रुतुराज गायकवाड़ ने नाबाद 13 रन बनाए। वेस्टइंडीज की ओर से रोस्टन चेज और अल्जारी जोसेफ को एक-एक विकेट मिला। कोहली ने अपनी पारी के दौरान वनडे में 15 हजार रन पूरे किए और सचिन तेंदुलकर के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे बल्लेबाज बने। उनका यह 55वां वनडे शतक था, जबकि गिल ने 10वां वनडे शतक लगाया। अब सीरीज का दूसरा वनडे आज 30 सितंबर को गुवाहाटी में खेला जाएगा, जहां भारत के पास सीरीज में 2-0 की बढ़त लेने का मौका होगा।

इंदौर में 11 अक्टूबर को महामुकाबला

2 घंटे 20 मिनट में 'हाउसफुल' हुआ होलकर स्टेडियम, सभी टिकट बिके

जनशक्ति उजाला,इंदौर



होलकर स्टेडियम

इंदौर के होलकर स्टेडियम में आगामी 11 अक्टूबर को होने वाले भारत-वेस्टइंडीज टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले को लेकर क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह चरम पर पहुंच गया है। इस मैच के लिए ऑनलाइन टिकटों की बिक्री शुरू होते ही खेल प्रेमियों का ऐसा सैलाब उमड़ा कि महज 2 घंटे 20 मिनट के भीतर यानी सुबह 8:20 बजे तक सभी सामान्य टिकट 'सोल्ड आउट' हो गए। सुबह 6:00 बजे बुकिंग विंडो खुलते ही सबसे पहले ईस्ट गैलरी के टिकट हाथों-हाथ बिके और उसके बाद वेस्ट गैलरी व पवेलियन की सीटें भी तेजी से भर गईं। मैच के लिए सामान्य गैलरी की दरें 1,000 से 1,800 रुपये, पवेलियन के टिकट 5,500 से 8,500 रुपये तथा हॉस्पिटैलिटी श्रेणी के टिकट 11,000 से 12,500 रुपये तक तय किए गए थे, जिसमें प्रति दर्शक अधिकतम 4 टिकट खरीदने की सीमा रखी गई थी। आम टिकटों के अलावा छात्र और दिव्यांग वर्ग के लिए रखे गए रियायती कोटे में भी भारी उत्साह देखने को मिला; करीब 1,200 छात्रों के पंजीकरण के बाद अब दस्तावेजों के सत्यापन उपरांत लगभग 1,000 पात्र विद्यार्थियों को टिकट जारी किए जा रहे हैं। दूसरी ओर, इस मुकाबले के लिए होलकर स्टेडियम को भी नया स्वरूप दिया जा रहा है और इसके मुख्य एंट्री गेट्स को आकर्षक 'रॉयल लुक' में तैयार किया जा रहा है। टिकटों की धड़ाधड़ बिक्री के बाद अब शहरवासियों और क्रिकेट प्रेमियों की निगाहें 11 अक्टूबर को मैदान पर होने वाले इस रोमांचक मुकाबले और चौके-छक्कों की बारिश पर टिक गई हैं।

बड़े पर्दे पर रोमांच: पौराणिक रहस्य के बीच अब 2 अक्टूबर के सस्पेंस का इंतजार

थिएटर्स में 'द वन' का तिलिस्म, परसों गांधी जयंती पर दस्तक देगी 'दृश्यम 3'

नितिन नामदेव, जनशक्ति उजाला, इंदौर



सिनेमाघरों में यह सप्ताह दर्शकों के लिए रहस्य और रोमांच का शानदार संगम लेकर आया है, जहां बड़े पर्दे पर धूम मचा रही 'द वन- फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट (The Vvaan)' और ठीक दो दिन बाद रिलीज होने जा रही 'दृश्यम 3' को लेकर जबर्दस्त क्रेज बना हुआ है। निर्देशक दीपक कुमार मिश्रा के निर्देशन में बनी फिल्म 'द वन' दर्शकों को एक अनूठी पौराणिक-फैंटेसी दुनिया की सैर कराती है। सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया अभिनीत यह थ्रिलर फिल्म घने जंगलों, स्थानीय अंधविश्वास और आधुनिक विकास के टकराव को पौराणिक पृष्ठभूमि पर भव्य विजुअल्स के साथ पेश करती है, जिसे सिनेमाघरों में खूब पसंद किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ, बॉक्स ऑफिस का पारा तब और चढ़ने वाला है, जब परसों यानी 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के मौके पर बहुप्रतीक्षित सस्पेंस फिल्म 'दृश्यम 3' थिएटर्स में दस्तक देगी। भारतीय सिनेमा में '2 अक्टूबर' की तारीख से अपनी खास पहचान बना चुके 'विजय सालगांवकर' के किरदार में अजय देवगन की वापसी को लेकर सिनेप्रेमियों में भारी उत्सुकता है। एक तरफ घने जंगलों का पौराणिक तिलिस्म और दूसरी तरफ परिवार की हिफाजत के लिए बुना गया शातिर क्राइम-सस्पेंस; इस हफ्ते सिनेमाघरों का यह समीकरण दर्शकों के लिए फुल एंटरटेनमेंट पैकेज साबित हो रहा है।

बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन

'हनुमान अंश' 400 करोड़ के पार

जनशक्ति उजाला, मनोरंजन डेस्क



हनुमान अंश

फिल्म हनुमान अंश ने बॉक्स ऑफिस पर 400 करोड़ रुपये का वर्ल्डवाइड आंकड़ा पार कर लिया है। 29 सितंबर की रिपोर्टों के मुताबिक फिल्म का वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन करीब ₹401.20 करोड़ पहुंच गया। रिलीज के 52वें दिन भी फिल्म की कमाई जारी रही।

स्वास्थ्य शिविर

माधवराव सिंधिया की पुण्यतिथि पर आज नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

जनशक्ति उजाला, इंदौर



पूर्व केंद्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया

टाइगर यूथ क्लब (म.प्र.) द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया की 25वीं पुण्यतिथि पर आज, 30 सितंबर को प्रातः 9 बजे से सिंधी कॉलोनी स्थित स्वामी प्रीतम दास सभागृह में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है। क्लब के सचिव त्रिलोक गुलानी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट रहेंगे। 'संपूर्ण सोडानी डायग्नोस्टिक' के सहयोग से आयोजित इस शिविर में बोन डेंसिटी, शुगर और कोलेस्ट्रॉल की नि:शुल्क जांच की जाएगी, शिविर संस्था अध्यक्ष गिरीश वाधवानी के मार्गदर्शन में संपन्न होगा।

डिजिटल नेविगेशन : नया फीचर

गूगल मैप्स का नया फीचर: संकरी गलियों का पहले मिलेगा अलर्ट

जनशक्ति उजाला, टेक डेस्क



गूगल मैप्स

गूगल मैप्स ने सफर को आसान और सुरक्षित बनाने के लिए एआई आधारित नया फीचर शुरू किया है। यह सिस्टम रियल-टाइम ट्रैफिक और रास्तों की चौड़ाई का सटीक विश्लेषण कर चालकों को संकरी गलियों में फंसने से बचाएगा। साथ ही, फ्लाईओवर पर चढ़ने और उतरने के दौरान स्क्रीन पर स्पष्ट 3D दृश्य दिखाई देंगे, जिससे रास्ता भटकने का जोखिम खत्म होगा। यूजर्स प्ले स्टोर से ऐप अपडेट कर नेविगेशन शुरू करते ही स्क्रीन पर इन नए लाइव अलर्ट्स का लाभ उठा सकते हैं।

संक्षिप्त साप्ताहिक (30 सितंबर से 6 अक्टूबर) राशिफल पं. राजेश शर्मा "महाराज" द्वारा

मेष
कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां और उन्नति के योग बन रहे हैं, जिससे आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। वित्तीय मामलों में जल्दबाजी में निर्णय न लें और परिजनों के साथ संवाद में मधुरता बनाए रखें।

कर्क
करियर में वरिष्ठ अधिकारियों और सहकर्मियों का सहयोग मिलने से प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा। भावुकता में आकर कोई बड़ा फैसला न लें और नियमित दिनचर्या का पालन करें।

तुला
मानसिक शांति का अनुभव होगा और साझेदारी के कार्यों में उत्तम सफलता मिलेगी। दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल अवश्य करें।

मकर
कार्यभार अधिक रहेगा, लेकिन आपका अनुशासन और धैर्य सकारात्मक परिणाम देगा। परिवार के वरिष्ठ सदस्यों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें और वाहन चलाते समय सावधानी बरतें।

वृषभ
लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे और आय के नए स्रोत खुलने की प्रबल संभावना है। काम के दबाव के बीच स्वास्थ्य की अनदेखी न करें और खान-पान को संतुलित रखें।

सिंह
आत्मविश्वास और सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी, साथ ही निवेश से लाभ के योग बनेंगे। क्रोध व अहंकार से दूर रहें ताकि वैवाहिक और पारिवारिक रिश्तों में सौहार्द बना रहे।

वृश्चिक
कड़ी मेहनत का उचित प्रतिफल मिलेगा और कार्यक्षेत्र में आपकी स्थिति मजबूत होगी। वित्तीय लेन-देन में सतर्कता बरतें और गुप्त विरोधियों से सावधान रहें।

कुम्भ
नई योजनाओं की शुरुआत के लिए समय अनुकूल है, मित्रों व सहयोगियों का साथ मिलेगा। बजट का संतुलन बनाए रखें और दांपत्य जीवन में एक-दूसरे की बात को प्राथमिकता दें।

मिथुन
व्यापार और नौकरी में आपकी बौद्धिक क्षमता व सही निर्णयों से अच्छा लाभ मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा, केवल दूसरों के व्यर्थ के विवादों में पड़ने से बचें।

कन्या
व्यावसायिक योजनाओं में गति आएगी और आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण रखें और बातचीत के दौरान भाषा में विनम्रता बरतें।

धनु
भाग्य का पूरा सहयोग मिलने से लंबे समय से अटकी योजनाएं गति पकड़ेंगी। विद्यार्थियों व युवाओं को शुभ समाचार मिल सकता है; आलस्य से दूरी बनाए रखें।

मीन
रचनात्मक प्रयासों में सफलता मिलेगी और कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान बढ़ेगा। अत्यधिक सोच-विचार के कारण मानसिक तनाव से बचें और योग-ध्यान को दिनचर्या में शामिल करें।

दीप्ति लेडीज़ टेलर्स
लेडीज़ ड्रेस स्पेशलिस्ट
साड़ी फाल एवं पीको वर्क
399-R, खातीवाला टैंक (गगन दीप कॉम्पलेक्स) सरस्वती शिशु मन्दिर के पास, इन्दौर
फोन: 9926449577

LADDHA TENT HOUSE
CELEBRATIONS | EVENTS | DECORATIONS
ESTD. 1990
Mobile No: +91 9302105945
Gmail: laddhatent@gmail.com
Add: 23/5 Parsi Mohalla, Chhawani, Indore 452001

MAHADEV HOSIERY & SOCKS HOUSE
- YOUR WHOLESALE DESTINATION IN INDORE
MAHADEV HOSIERY | SOCKS HOUSE
Product List: Socks for Ladies, Gents & Kids, Handkerchief
Specialisist: School Uniform Socks
Shop No. 205, Mahalaxmi Tradalaxmi Trade Center, Indore
Products of: Socks for Ladies, Gents & Kids, Handkerchief
Specialisist: School Uniform Socks
14, Gas House Road, Business Point Complex, Indore
स्कूल यूनिफार्म के पट्टी वाले मोजे ऑर्डर पर बनवाये जाते हैं।
CONTACT MAHADEV: Manish: 9826522117 Rajat: 8109041749 Ph. Landline: 0731-49843419
CONTACT SOCKS HOUSE: Rahul: 8871677483 Rajat: 8109041749 Mahendra: 9926063401 Ph. Landline: 0731-4984419
VISIT US TODAY!

A HOME AWAY FROM HOME
SAFE • COMFORTABLE • AFFORDABLE
COMFORT LIVING
AVAILABLE FOR BOTH GIRLS & BOYS
HOSTEL & PG
Comfort That Feels Like Home
OUR FACILITIES
RO WATER COOLER, HOT WATER, WiFi, WASHING MACHINE, 3 TIME HYGIENIC MEAL, ROOM CLEANING, CCTV SURVEILLANCE, INDUCTION FACILITY
SAFE STAY BETTER STUDY BRIGHTER FUTURE
CLEAN & HYGIENIC | 24x7 SECURITY | PEACEFUL ENVIRONMENT | PRIME LOCATION
CONTACT US 8349402749 7389283378
OUR LOCATION
MAIN VISHNUPURI & BHAWARKUA, INDORE

AGP ENTERPRISES
NOW EXPANDING: WEBSITE DEVELOPMENT | TECH SOLUTIONS | PRINTING
PRECISION IN PRINT. - EST. 2019
DIGITAL & TECH SOLUTIONS
- Website Development (Portfolios, E-commerce, CMS)
- SEO & Digital Marketing Strategy
- Tech Support & Custom Solutions

PREMIUM PRINTING
- Visiting Cards & Business Cards
- Bill Books & Custom Invoices
- Flex Printing & Large Format Banners
- Brochures, Flyers & Catalogs
- Packaging Boxes & Custom Labels
- Letterheads & Corporate Stationery
- Stickers, Decals & Postcards
- Marketing Collateral

Ajay Pandey +91 8269897212
M. Sivaprasad +91 9479525913
www.agpenterprises.co.in

Deepa Pet Shop
99075 90803 | 93403 20208 Est. Since 2000
Your Complete Pet Care Destination
PREMIUM PET FOOD (Royal Canin, Pedigree - or generic equivalents) • All-stage Nutrition
QUALITY ACCESSORIES & GROOMING • Grooming services • Ren Proosher • Health Products • Products Shampoo, Brusher & Tongs • Toys • Custom Beds
BRANCH 1: 89, Shivaji Market, Nagar Nigam Road, Indore, (M.P.)
BRANCH 2: Shop No. C-1, Imli Bazar, Siremal Bafna Road, Indore, (M.P.)
Full-Service Pet Care

निमंत्रण केटरर्स
MAKING YOUR MOMENTS DELICIOUS!
आपके समारोह को बनाएँ खास!
WEDDINGS | CORPORATE EVENTS | SOCIAL FUNCTIONS
आशीष जैन 99770 92000
पुरुषोत्तम शर्मा 94250 76024
अभिजीत शर्मा (बट्टू) 93000 04022
REGISTERED OFFICE: 119, Bansi Trade Centre, 581/5, M.G Rd, Indore, (M.P), 452003
Taste. Tradition. Perfection.

• Visiting Card • Letterhead
• Bill Book • Flex
• Steakers • Rubber Stamps
• ID Cards • Pamphlets
• Brochure • Logo Design

Pg Prerna Graphics
- Creativity Is Our Identity -
Ashish Patel
8827538459
8770985215
1st Floor, Balaji Tower, Khajuri Bazar, Indore (M.P.)
ashgraphics8889@gmail.com

संजय सिसौदिया 9329057347
फ्लेक्स प्रिंटिंग
ग्लोसाईन बोर्ड
विनाईल
केनोपी, स्टेण्डी

माँ नर्मदा एडवरटाईजिंग
फ्लेक्स प्रिंटिंग

GROW YOUR BUSINESS WITH BENTWOOD FURNITURE
Your Trusted Manufacturer of Premium Seating Solutions.
Product Range:
- Office Chairs
- Dining Chairs
- Cafe Chairs
- Restaurant Chairs
- Institutional Chairs
- Waiting / Lounge Chairs
- Bar Stool

Customization Also Available/On Order
NOW INVITING WHOLESALE / DEALER / DISTRIBUTION / FRANCHISE / BUSINESS PARTNER INQUIRIES.
Partner with Us
Address: 75/3/34, Lasudia Mori, 24 Kamal Vihar, Dewas Naka, Indore, (M.P).
Mobile: 9981881333

॥ श्री गणेशाय नमः ॥ ॥ श्री श्याम देवाय नमः ॥ ॥ श्री खाजुरिया श्याम नमः ॥
KC
KHATU SHYAM CATERERS & EVENTS
Managed by BAPU MAHARAJ
Committed to Making Your Event Memorable.
Traditional & Modern Menus
100% Pure Vegetarian
Wedding & Event Catering
Elegant Presentation
9424083983, 8889983983, 7297871740, 9425071715. singhrathorehari0@gmail.com
Khasra No. 63-3, Chhota Bangarda, Shukla Petrol Pump Ke Pass, Indore, Madhya Pradesh 452005

Rewa Pooja Bhandar
PRESENTS: PREMIUM NATURE'S BOUNTY
Long-Lasting Freshness
Imported Dates
Delicious Taste
NATURAL & PURE TERRANUT COCONUTS
Shrefal (Pooja/Consumptive Coconuts)
PREMIUM QUALITY IMPORTED DATES
TERRANUT COCONUT: Pure, Delicious, Natural. Shelf Life: 4 Months!
Contact: S. Khandelwal Mob.: +91 94250-55731
Repacked & Marketed By: Rewa Pooja Bhandar
Customer Complaints: Mob.: +91 94250-55731
Address: 11/10, Below Sardar Patel Bridge, Siyaganj, Indore, (M.P.) - 452006
E-mail : shailendra.khandelwal79@gmail.com
Central FSSAI Lic No.: 10019026001457
State Lic No.: 11416850000779
"Finest Selection Imported from Abroad"

माधव जय का ढाबा
MADHAV JAI KA DHABA
INDORE - UJJAIN STATE HIGHWAY SH-23, NEAR SANWER
PURE, DELICIOUS & CLEAN FOOD
TEA & SNACKS
CATERING FOR WEDDINGS & PARTIES
PARTY HALL UP TO 200 GUESTS
EV CHARGING STATION
CONTACT: 9406667718

KV
QUALITY IS OUR SPECIALITY
SHREE KELA DEVI PROPERTY BROKER
VANYA CONSTRUCTIONS & DRAWING CONSULTANCY
PROPERTY DEALS: All types of Plots, Flats, Houses, Shops, Commercial Properties; Agricultural Land, likes - Farmhouse
CONSTRUCTION & DESIGN: Construction with Quality Material; Planning & Architecture; All types of Plot Drawings & Elevation Designs
VASUDEV SHARMA CIVIL ENGINEER 8770979399 9993679208
RAJESH SHARMA (MAHARAJ) 8889102030 9425315530
ADDRESS: B-869, 100 Feet Main Road, Tulsi Nagar, Indore (M.P.)
EMAIL: vasumaharaj239@gmail.com | MAIN OFFICE: 0731-3131791
YOUR TRUSTED PARTNER FROM PLOT TO POSSESSION

AMBER STUDIO
Capturing Every Precious Moment
9617911111
9826868400
Studio.amber1@gmail.com
Wedding & Pre-Wedding Photography
Modelling Portfolios
Outdoor Photography
Dramatic Drone Aerial & Cinematic Views
BOOK YOUR SESSION TODAY!
105, B.K Sindhi Colony, Main Road, Swami Pritamdas Marg, INDORE

जनशक्ति उजाला
जनशक्ति उजाला
— जनता की आवाज़, सत्य का उजाला।
— ज़मीनी हक़ीक़त
— प्रिंट की प्रामाणिकता
— डिजिटल न्यूज़ पोर्टल
हम ज़मीनी हक़ीक़त से जुड़े विश्वसनीय समाचारों को प्रिंट की प्रामाणिकता और डिजिटल पोर्टल की गति के साथ आपके समक्ष लाते हैं।
Website Newspaper
www.janshaktiujala.in | प्रिंट संस्करण |

मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बढ़ी कानूनी हलचल

सुप्रीम कोर्ट पहुंचा SIR विवाद, अगले सप्ताह सुनवाई

जनशक्ति उजाला, ब्यूरो , नई दिल्ली



भारत निर्वाचन आयोग

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी SIR को लेकर निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर बहस के बीच मामला न्यायिक स्तर पर भी पहुंच गया है। 29 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में आयोग की निर्णय प्रक्रिया पर सवाल उठाने वाली याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई की सहमति दी। याचिका राकेश कुमार सिंह ने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर की है। इसमें बहुसदस्यीय आयोग में निर्णय लेने की संवैधानिक और वैधानिक प्रक्रिया पर सवाल उठाए गए हैं। अदालत ने मामले में अभी कोई अंतिम निष्कर्ष नहीं दिया है। दूसरी ओर, निर्वाचन आयोग ने 26 सितंबर की पूर्ण आयोग बैठक के बाद कहा कि SIR सहित प्रमुख निर्णय पूर्ण आयोग की सर्वसम्मत मंजूरी से लिए गए हैं। आयोग के अनुसार SIR की प्रक्रिया बिहार से शुरू होकर अन्य राज्यों तक आगे बढ़ी। आयोग ने SIR से जुड़े नोटिस पाने वाले मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रक्रिया आसान करने के कई फैसले किए हैं। अनमैप्ड या तार्किक विसंगतियों से जुड़े मामलों में बूथ लेवल अधिकारी यानी BLO जरूरत पड़ने पर मतदाता के घर जाकर दस्तावेज ले सकते हैं और उन्हें ECINET पर अपलोड कर सकते हैं। विशेष परिस्थितियों में ऑनलाइन सुनवाई की व्यवस्था भी की जाएगी। आयोग ने रात के आश्रय स्थलों में रहने वाले लोगों, श्रमिकों, गरीबों और बेघर नागरिकों के लिए सहायता डेस्क तथा विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। ECINET की समीक्षा के लिए वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त की अध्यक्षता में समिति बनाने और उसमें IIT/IIIT के स्वतंत्र विशेषज्ञ को शामिल करने की जानकारी दी गई है। आयोग के अनुसार पोर्टल को संबंधित कानूनों और नियमों के अनुरूप दोबारा जांचा जाएगा। दिल्ली में दावे-आपत्तियों की अंतिम तारीख 30 अक्टूबर और निपटारे की तारीख 30 नवंबर तक बढ़ाई गई है। महाराष्ट्र में यह अवधि क्रमशः 12 अक्टूबर और 10 नवंबर है। आयोग ने SIR से छूटे मतदाताओं तथा नए या पहली बार मतदान करने वालों के लिए नाम शामिल कराने की प्रक्रिया जारी रखने की बात कही है। 27 मई 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने बिहार SIR से जुड़े मामले में आयोग की SIR कराने की शक्ति पर विचार किया था। अदालत के आधिकारिक सारांश के अनुसार मामला आयोग की संवैधानिक शक्ति, प्रक्रिया और नागरिकता संबंधी जांच की सीमा से जुड़े सवालों पर था। इस बीच CJP ने CEC के इस्तीफे, SIR पर रोक और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी 2023 के कानून में बदलाव सहित कई मांगें रखी हैं। ये संगठन की मांगें हैं। इन मांगों तथा SIR से जुड़े नए न्यायिक सवालों पर अंतिम स्थिति संबंधित कानूनी प्रक्रिया के बाद स्पष्ट होगी।

एशियन गेम्स में भारत का शानदार प्रदर्शन

भारत के 52 पदक, 6 स्वर्ण से बढ़ा गौरव

जनशक्ति उजाला, (ब्यूरो)



एशियन गेम्स 2026 में 29 सितंबर तक भारत ने कुल 52 पदक अपने नाम किए हैं, जिनमें 6 स्वर्ण, 21 रजत और 25 कांस्य शामिल हैं। 29 सितंबर को भारत ने सात पदक जीते। निशानेबाज नीरू ढांडा ने महिला ट्रैप में स्वर्ण पदक जीता, जबकि किरण पाहल, एम. पूवम्मा, प्राची और विद्या रामराज की भारतीय महिला 4×400 मीटर रिले टीम ने भी स्वर्ण हासिल किया। गुलवीर सिंह ने 5000 मीटर में कांस्य जीता और एक ही एशियन गेम्स में तीन पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हुए। महिला हाई जंप में पूजा ने कांस्य पदक हासिल किया। इससे पहले भारतीय महिला क्रिकेट टीम और पुरुष- महिला कबड्डी टीमों सहित शूटिंग में सुरुचि सिंह और कमलजीत ने भारत के लिए स्वर्ण पदक जीते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पदक विजेता भारतीय खिलाड़ियों को लगातार बधाई दी है। उन्होंने यशवीर सिंह और रोहित यादव, गुलवीर सिंह, तजिंदरपाल सिंह तूर सहित कई खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना की। भारत 29 सितंबर के खेलों के बाद पदक तालिका में 10वें स्थान पर है।

1,200 वयस्कों पर 24 सप्ताह का बहु-केंद्रित क्लिनिकल अध्ययन

अश्वगंधा मूल अर्क के दैनिक सेवन से लिवर या किडनी को नुकसान नहीं : शोध

जनशक्ति उजाला, (ब्यूरो), नई दिल्ली


अश्वगंधा का पौधा

जर्नल 'फ्रंटियर्स इन मेडिसिन' में प्रकाशित एक बड़े बहु-केंद्रित अध्ययन के अनुसार, 24 सप्ताह तक अश्वगंधा मूल अर्क (Ashwagandha Root Extract) के दैनिक सेवन से लिवर या किडनी को कोई नुकसान नहीं पहुंचता है। यह रैंडमाइज्ड, डबल-ब्लाइंड और प्लेसीबो-नियंत्रित क्लिनिकल परीक्षण देश के 9 प्रतिष्ठित संस्थानों के 45 शोधकर्ताओं की टीम द्वारा किया गया। इसमें 18 से 70 वर्ष की आयु के 1,200 ऐसे स्वस्थ वयस्क शामिल थे, जिन्हें कोविडशील्ड वैक्सीन लगी हुई थी। प्रतिभागियों को रोजाना 500 मिलीग्राम मानकीकृत जलीय अश्वगंधा मूल अर्क (जो 4 ग्राम कच्ची जड़ के चूर्ण के बराबर है) या समान प्लेसीबो दिया गया। अध्ययन में शामिल 1,032 प्रतिभागियों (86 प्रतिशत) ने इस ट्रायल को पूरा किया और 28वें सप्ताह तक उनकी निगरानी की गई। परीक्षण के दौरान प्रतिभागियों के लिवर एंजाइम, बिलीरुबिन, क्रिएटिनिन और ब्लड यूरिया जैसे सभी आवश्यक मानक सामान्य सीमाओं के भीतर रहे। अध्ययन में किसी भी अंग क्षति या उपचार से जुड़ी गंभीर प्रतिकूल घटना का कोई साक्ष्य नहीं मिला। इसके अलावा, अश्वगंधा ने वैक्सीन से बनी प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया में कोई बाधा नहीं डाली और दोनों समूहों में वायरस को निष्क्रिय करने की क्षमता 85 प्रतिशत से अधिक दर्ज की गई।

आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा और अध्ययन के प्रमुख लेखक डॉ. अरविंद चोपड़ा के अनुसार, ये निष्कर्ष आयुर्वेद के वैज्ञानिक साक्ष्य-आधार को मजबूत करते हैं और समकालीन स्वास्थ्य सेवा में इसके सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग का समर्थन करते हैं।

राष्ट्रीय राजमार्ग : नया रिकॉर्ड

1 करोड़ के पार पहुंचा 'फास्टैग एनुअल पास', 1,150 टोल पर मान्य

जनशक्ति उजाला, (ब्यूरो)

राष्ट्रीय राजमार्गों पर निजी वाहनों के लिए जारी 'फास्टैग एनुअल पास' ने एक करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। 15 अगस्त 2025 को शुरू हुई इस योजना को वाहन चालकों ने व्यापक स्तर पर स्वीकारा है। यह पास राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे के करीब 1,150 टोल प्लाजा पर लागू है। मात्र 3,075 रुपये के एकमुश्त शुल्क में यह 1 साल या 200 टोल क्रॉसिंग की सुविधा देता है, जिससे बार-बार रिचार्ज कराने की जरूरत खत्म होती है। वैध फास्टैग वाले गैर-वाणिज्यिक वाहन मालिक 'राजमार्गयात्रा' ऐप से इसे तुरंत एक्टिवेट कर सुगम यात्रा का लाभ उठा सकते हैं।

आर्थिक वृद्धि : उद्योग जगत को रफ्तार

अगस्त में IIP 8% बढ़ा, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर चमका

जनशक्ति उजाला, (ब्यूरो)



प्रतीकात्मक चित्र

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2026 में भारत के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) में वर्ष-दर-वर्ष 8.0 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। इस तेज बढ़त को विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) क्षेत्र में 9.0 प्रतिशत और बिजली व गैस आपूर्ति क्षेत्र में 12.3 प्रतिशत की जोरदार बढ़ोतरी से बड़ा सहारा मिला है। विशेष बात यह रही कि विनिर्माण क्षेत्र ने रिकॉर्ड प्रदर्शन दोहराते हुए लगातार तीसरे महीने 8 प्रतिशत या उससे अधिक की वृद्धि हासिल की है, जो अर्थव्यवस्था में निरंतर औद्योगिक मजबूती को दर्शाता है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) : भारत का कड़ा रुख

आतंकवाद और दोस्ती साथ नहीं चल सकते : जयशंकर

जनशक्ति उजाला, अंतरराष्ट्रीय डेस्क


भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर

संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में 28 सितंबर को महासभा के 81वें सत्र को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आतंकवाद और वैश्विक तनाव पर भारत का कड़ा रुख स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद और मित्रता साथ नहीं चल सकते तथा भारत आत्मरक्षा के अधिकार का पूरा इस्तेमाल करेगा। जयशंकर ने टेरर फंडिंग पर रोक और आतंकियों के मददगारों की जवाबदेही तय करने की मांग की। वैश्विक संघर्षों पर चिंता जताते हुए उन्होंने विकासशील देशों के '4F' संकट का उल्लेख किया तथा अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों में जहाजों की सुरक्षा, तनाव घटाने व निर्बाध समुद्री व्यापार का आह्वान किया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक : नारायण माखीजा के लिए कलम बाइंडिंग एंड प्रिंटर्स, 27/01, जूनी कसेरा बाखल, चूड़ीवाला कॉम्प्लेक्स, खजुरी बाज़ार, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं 104, रॉयल अपार्टमेंट ब्लॉक बी, 377, खातीवाला टैंक, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। (पीआरजीआई सं. MPHIN/26/A3434), संपादक : नारायण माखीजा, मोबाइल नं. 9827254447, 9009699993, Email - janshaktiujala@gmail.com (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इंदौर होगा)